# Class - IX
## Important Questions -Hindi (2019-20)
### महत्वपूर्ण प्रश्न (इकाई 1, 2, 3)

1. 'दो बैलों की कथा' के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि स्वतंत्रता सहज ही नहीं मिलती उसके लिए संघर्ष करना पड़ता है।
2. कृषक समाज में पशु और मनुष्य के आपसी संबंधों को कहानी में किस प्रकार व्यक्त किया गया है ?
3. छोटी बच्ची को बैलों के प्रति, प्रेम क्यों उमड़ आया ?
4. कहानी में बैंलों के माध्यय से कौन–सी नीति–विषयक मूल्य उभर कर आए हैं ?
5. हीरा--मोती को रास्ते में कौन मिला ?
6. काँजी हौस के अन्दर के दृश्य का वर्णन कीजिए।
7. 'ल्हासा की ओर' यात्रा वृतांत में लेखक ने तिब्बती समाज के विषय में क्या–क्या जानकारियाँ दी हैं ? संक्षेप में लिखिए।
8. लेखक को यात्रा के दौरान किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ा ?
9. उस समय के तिब्बत में हथियार का कानून न रहने के कारण यात्रियों को किस प्रकार का भय बना रहता था ?
10. 'डाँडे' तिब्बत् में सबसे खतरे की जगह क्यों है ? 'ल्हासा की ओर' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।
11. तिब्बत के मार्ग में आदमी कम क्यों दिखाई देते हैं ?
12. मानसरोवर से कवि का क्या तात्पर्य है ?
13. कवि ने सच्चे प्रेमी की कसौटी क्या बताई है ?
14. स्वान रूप कौन है ? उनके साथ क्या व्यवहार किया जाना चाहिए ?
15. मनुष्य ईश्वर को कहाँ–2 ढूँढता है ?
16. 'सोई संत सुजान' से कवि का क्या तात्पर्य है ?
17. किसी भी व्यक्ति की पहचान उसके कुल से होती है या कर्मों से। तर्क सहित उत्तर दीजिए।
18. हिन्दू और मुसलमानों की कट्टरता किस बात से प्रकट होती है ?
19. कबीर ने किस ज्ञान को अधिक महत्व दिया है ?
20. 'वाख' का अर्थ क्या है इस कविता में रस्सी किसके लिए प्रयुक्त हुआ है ?
21. कवयित्री ललद्यद् के जी में क्या हूक उठती है ?
22. कवयित्री ललद्यद के घर जाने की चाह से क्या तात्पर्य है ?
23. कवयित्री ललद्यद का 'ज्ञानी' से क्या तात्पर्य है ?
24. 'सुषुम–सेतु' पर खड़े होने का क्या अभिप्राय है ?
25. "प्रत्यक्ष" शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग और मूल शब्द छाँटिए।
26. अब उपसर्ग से दो शब्द बनाइए।
27. "हाथों हाथ" समस्त पद का विग्रह कर समास का भेद भी लिखिए।
28. "औद्योगिक" शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय और मूल षब्द छाँटिए।
29. "इमा" प्रत्यय से दो शब्द बनाइए।
30. "श्वेत है अबंर जिनके" समस्त पद बनाकर समास का नाम भी लिखिए।
31. सिर फटा गया उसका वहीं, मानो अरूण रंग का घड़ा। अलंकार का नाम बताइए।
32. महा अजय संसार रिपु। अलंकार का नाम बताइए।
33. विग्रह करके समास का भेद बताइए। "बारह सिंघा"
34. पर्यटन शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय और मूल शब्द छाँटिए।
35. "सड़ियल" शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय और मूल शब्द छाँटिए।
36. निम्नलिखित अलंकार व्यक्त करने वाली उपयुक्त काव्य पंक्तियाँ लिखिए –
    अनुप्रास, यमक, श्लेष, मानवीकरण
37. लेखक का भिखमंगों जैसा वेश तथा सुमति का साथ उसकी यात्रा में किस तरह सहायक हुआ?
38. मोट चून और मैदा का प्रतीकार्थ क्या है?
39. 'जानवरों' में भी मानवीय संवेदना होती है। पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।